## सत्र-2021-22

## आदर्श प्रश्न पत्र ( द्वितीय सत्र मूल्यांकन )

## विषय-हिन्दी

## कक्षा- 10+2

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक - 50**

**निर्देश :**

उत्तर-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर अपना नाम, कक्षा, अनुक्रमांक, विषय, तिथि, कुल पृष्ठ अंकित करें।

प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या अवश्य लिखें।

प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में दिए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनें :** $5\times1 = 5$

भयभीत मनुष्य ही अपनी असुरक्षा की भावना से उत्तेजित होकर हिंसा पर उतारु हो जाता है। यदि विश्लेषण करेंगे तो आप पायेंगे कि आज समाज में व्याप्त हिंसा का बहुत बड़ा कारण है-एक-दूसरे के प्रति भय अनावश्यक आक्रामकता भी इस भय का परिणाम है। यही भय है जो पहले हमारा आत्म-विश्वास छीनता है और फिर हमारा विवेक छीन लेता है जो बहादुर है, साहसी है, वह निहत्थे लाचार लोगों पर



Downloaded from cclchapter.com

आक्रमण नहीं करता (लेकिन जो विवेकशील जन-शक्ति से भयभीत है, वही भाईचारे और मानवीय करुणा को भूलकर चोरी-छिपे हमला करते हैं, निहत्थों पर वार करते है, यही आतंकवाद है। इसके मूल में बहुधा वे सिद्धांत या आदर्श नहीं होते जिन्हें वे जाहिर तौर पर शोषित करते हैं। उसके मूल में कहीं न कहीं भय रहता है। समाज के विकास की आदर्श स्थिति वही है जिसमें न आप दूसरे से भयभीत हों, न दूसरे को भयभीत होने या भयभीत करने की कोशिश करें। ये दोनों स्थितियाँ सहज मानवीय विकास के लिए घातक है।

1. भयभीत मनुष्य हिंसा पर उतारू क्यों हो जाता है ?
   (क) क्रोध के कारण (ख) अविवेक के कारण
   (ग) असुरक्षा की भावना से उत्तेजित होकर
   (घ) उपर्युक्त सभी
2. हिंसा का बहुत बड़ा कारण क्या है ?
   (क) अपना वर्चस्व स्थापित करना
   (ख) एक-दूसरे के प्रति भय
   (ग) अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना
   (घ) उपर्युक्त सभी
3. कौन हमारा आत्म विश्वास और विवेक छीन लेता है ?
   (क) भय (ख) विवेक
   (ग) सुरक्षा की भावना (घ) करूणा



Downloaded from cclchapter.com

4. निहत्थों पर वार करने वाले को लेखक ने क्या कहा है ?

(क) असार प्रदायिक (ख) आतंकवादी

(ग) भयभीत (घ) बहादुर

5. इस गद्यांश का उचित शीर्षक चुनिए।

(क) अविवेक (ख) साम्प्रदायिकता

(ग) भय का मनोविज्ञान (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके अंत में दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनें :** $4 \times 1 = 4$

मुझे कदम-कदम पर
चौराहे मिलते हैं
बाँहें फैलाये!!
एक पैर रखता हूँ
कि सौ राहें फूटती
व मैं उन सब पर से गुजरना चाहता हूँ;
बहुत अच्छे लगते हैं
उनके तजुर्बे और अपने सपने सब सच्चे लगते हैं
अजीब-सी अकुलाहट दिल में उभरती है,
मैं कुछ गहरे में उतरना चाहता हूँ
जाने क्या मिल जाए!!



Downloaded from cclchapter.com

इनमें से कोई चार प्रश्नों के उत्तर दें।

1. कवि को कदम-कदम पर क्या मिलता है ?

(क) पुष्पहार (ख) उपेक्षा-अपमान

(ग) चौराहे, खुले-रास्ते (घ) उपरोक्त सभी

2. कवि कहाँ-कहाँ से गुज़रना चाहता है ?

(क) सामने खुली सैंकड़ों राहों से

(ख) तंग गलियों से

(ग) कठिनाइयों से

(घ) कठिन राहों से

3. कवि को क्या सच्चा लगता है ?

(क) लोगों का झगड़ना

(ख) लोगों की पीड़ा

(ग) लोगों के अनुभव और अपने सपने

(घ) लोगों की बातें।

4. लोगों के अनुभवों और अपने सपनों से कवि क्या चाहता है ?

(क) कवि दुखी है

(ख) कवि उत्साहित है

(ग) कवि चिन्तित है

(घ) कवि उन सब के अनुभवों से गुज़रना चाहता है उन्हें अपनाना चाहता है।



Downloaded from cclchapter.com

5. पद्यांश का उचित शीर्षक चुनिए।

(क) कवि हृदय (ख) कवि का आत्म संघर्ष

(ग) कवि की भटकन (घ) कवि का पागलपन

**प्रश्न 3. किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए :** $3 \times 1 = 3$

(क) हिमाचल के धार्मिक स्थल

(ख) योग शिक्षा का महत्व

(ग) मादक द्रव्यों का सेवन अभिशाप है

(घ) मेरे जीवन का लक्ष्य

**प्रश्न 4. शैक्षणिक भ्रमण पर जाने के लिए अनुमति हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखें ।**

**अथवा**

**बाहरवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद कोर्स चुनने संबंधी सलाह देने का आग्रह करते हुए अपने बड़े भाई को पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 5. उचित विकल्प चुनें :**

1. पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं ?

(क) दो (ख) तीन

(ग) छह (घ) चार $3 \times 1 = 3$



Downloaded from cclchapter.com

2. क्या, कौन, कहाँ, कब, क्यों, कैसे किस लेखन से संबंधित है ?

(क) समाचार लेखन (ख) नाटक लेखन

(ग) कविता लेखन (घ) कहानी लेखन

3. विशेष लेखन के क्षेत्र कौन-कौन से हैं ?

(क) खेल (ख) विज्ञान-कृषि

(ग) फिल्म मनोरंजन (घ) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 6. कहानी और नाटक का संबंध बताते हुए कहानी और नाटक में वैविध्य ( अन्तर ) और समानताओं पर प्रकाश डालें।** 3

**अथवा**

**पत्रकारीय लेखन क्या होता है ?**

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें :**

जैसे बहन 'दा' कहती है
ऐसे किसी बंगले के किसी तरु (अशोक) पर कोई चिड़िया कुऊकी
चलती सड़क के किनारे लाल बजरी पर चुरमुराए पाँव तले
ऊँचे तरुवर से गिरे
बड़े-बड़े पियराए पत्ते
कोई छह बजे सुबह जैसे गरम पानी से नहाई हो-
खिली हुई हवा आई, फिरकी सी आई, चली गई।
ऐसे, फुटपाथ पर चलते-चलते चलते।



Downloaded from cclchapter.com

कल मैंने जाना कि वसंत आया।

अथवा

सखि हे, कि पुछसि अनुभव मोए।

सेह पिरिति अनुराग बखामिअ तिल-तिल नूतन होए।

जनम अवधि हमरूप निहारल नय नन तिरपित मेल।

सेहो मधुर बोल स्रवनहि सूनल स्तुति पथ परस न गेल।।

**प्रश्न 8. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें :-** (2×2 = 4)

(क) प्रियतमा के दु:ख के क्या कारण हैं ?

(ख) पत्थर और चट्टान किसके प्रतीक हैं ?

(क) हाथ फैलाने वाले व्यक्ति को कवि ने ईमानदार क्यों कहा है ? 'एक कम' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** (1+1 = 2)

(क) विष्णु खरे का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

(i) 1940 में छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश में।

(ii) 1929 में लखनऊ उत्तरप्रदेश में।

(iii) 1934 में बलिया जिले के चकिया गाँव में।

(ख) विष्णु खरे को किस-किस सम्मान से सम्मानित किया गया ?

(i) रघुवीर सहाय सम्मान



Downloaded from cclchapter.com

(ii) शिखर सम्मान

(iii) मैथिली शरण गुप्त सम्मान

(iv) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 10. विद्यापति की काव्यगत/साहित्यिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ? (2)**

**प्रश्न 11.** जैसे शमी वृक्ष के तने से टिककर
न पहचानने में पहचानते हुए विदुर ने धर्मराज़ को
निर्निमेष देखा था अंतिम बार........ (3×1=3)

(क) उपरोक्त पंक्तियों में विदुर ने अंतिम बार किसे देखा था ?

(i) नकुल को (ii) सहदेव को

(iii) धर्मराज युधिष्ठिर को (iv) शमी वृक्ष को

(ख) यह पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत है ?

(i) एक कम (ii) सत्य

(iii) तोड़ो (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) इन पंक्तियों में किस भाषा का प्रयोग हुआ है ?

(i) अवधी (ii) खड़ी बोली

(iii) ब्रज (iv) फ़ारसी

**प्रश्न 12. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (कोई एक) (3)**

स्वातंत्र्योतर भारत की सबसे बड़ी ट्रेजेडी यह नहीं है कि शासक वर्ग ने



Downloaded from cclchapter.com

औद्योगीकरण का मार्ग चुना, ट्रेजेडी यह रही है कि पश्चिम की देखादेखी और नकल में योजनाएँ बनाते समय-प्रकृति, मनुष्य और संस्कृति के बीच का नाजुक संतुलन किस तरह नष्ट होने से बचाया जा सकता है-इस ओर हमारे पश्चिम शिक्षित सत्ताधारियों का ध्यान कभी नहीं गया। हम बिना पश्चिम को मॉडल बनाए, अपनी शर्तों और मर्यादाओं के आधार पर, औद्योगिक विकास का भारतीय स्वरूप निर्धारित कर सकते हैं, कभी इसका ख्याल भी हमारे शासकों को आया हो, ऐसा नहीं जान पड़ता।

अथवा

लड़की अब बिलकुल बराबर में खड़ी, आँख मूँदकर अर्चन कर रही थी। संभव ने यकायक मुड़कर उसकी ओर गौर किया। उसके कपड़े एकदम भीगे हुए थे, यहाँ तक कि उसके गुलाबी आँचल से संभव के कुर्ते का एक कोना भी गीला हो रहा था। लड़की के लम्बे गीले बाल पीठ पर काले चमकीले शॉल की तरह लग रहे थे। दीपकों के नीम उजाले में, आकाश और जल की साँवली संधि-बेला में, लड़की बेहद सौम्य लगभग काँस्य प्रतिमा लग रही थी।

**प्रश्न 13. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें :** **( 2 +2= 4 )**

(क) कुटज किस प्रकार अपनी अपराजेय जीवनी-शक्ति की घोषणा करता है ?

(ख) 'दूसरा देवदास' कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

(ग) यूरोप और भारत की पर्यावरणीय संबंधी चिंताएँ किस प्रकार भिन्न हैं ?



Downloaded from cclchapter.com

**प्रश्न 14. गद्य लेखकों के जीवन एवम् साहित्यिक विशेषताओं से संबंधित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प के माध्यम से दें :-**

**( 3×1=3 )**

(क) आचार्य हज़ारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

(i) सन् 1940 में मथुरा उत्तर प्रदेश में

(ii) सन् 1907 में गाँव आरत दुबे का छपरा, ज़िला बलिया में।

(iii) सन् 1929 शिमला, हिमाचल प्रदेश में।

(iv) इनमें से कोई नहीं।

(ख) 'जहाँ कोई वापसी नहीं' यात्रा वृत्तान्त किस लेखक द्वारा लिखा गया है ?

(i) निर्मल वर्मा (ii) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

(iii) ममता कालिया (iv) भीष्म साहनी

(ग) 'ममता कालिया' द्वारा रचित उपन्यास इनमें से कौन सा है ?

(i) बेघर (ii) नरक दर नरक

(iii) एक पत्नी के नोट्स (iv) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 15. किसी एक लेखक की साहित्यिक विशेषताएँ लिखिए। ( 2 )**

(i) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी (ii) निर्मल वर्मा

**प्रश्न 16. किसी एक प्रश्न का उत्तर दें :- ( 3 )**

(क) अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरता जैसे गिरा करता था। इसके क्या कारण हैं ?



Downloaded from cclchapter.com

(ख) लेखक को क्यों लगता है कि 'हम जिसे विकास की औद्योगिक सभ्यता कहते हैं वह उजाड़ की अपसभ्यता है'। आप क्या मानते हैं ?

**प्रश्न पत्र प्रारूपः-**

| अनुभाग | प्रश्न संदर्भ | कौशल प्रकृति | प्रश्न संख्या | प्रश्न-प्रकार | भाग | अंक प्रतिभाग | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपठित बोध | अपठित गद्यांश | बोधात्मक | 1 | बहुविकल्पीय | 5 | 1 | 5 |
| | अपठित पद्यांश | बोधात्मक | 2 | बहुविकल्पीय | 4 | 1 | 4 |
| रचनात्मक | निबंध लेखन | रचनात्मक | 3 | निबंधात्मक | 1 | 3 | 3 |
| लेखन | पत्र/प्रार्थना पत्र लेखन | रचनात्मक | 4 | निबंधात्मक | 1 | 3 | 3 |
| सृजनात्मक | अभिव्यक्ति और माध्यम | ज्ञानात्मक | 5 | बहु विकल्पीय | 3 | 1 | 3 |
| लेखन | अभिव्यक्ति और माध्यम | ज्ञानात्मक | 6 | लघु-उत्तरीय | 1 | 3 | 3 |
| | काव्य की सप्रसंग व्याख्या | व्याख्यात्मक | 7 | निबंधात्मक | 1 | 3 | 3 |



Downloaded from cclchapter.com

| अंतरा भाग-2 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काव्य | प्रश्नोत्तर काव्य भाग (अंतरा भाग-2) | ज्ञानात्मक | 8 | लघु-उत्तरीय | 2 | 2 | 4 |
| साहित्यिक | कवि परिचय (अंतरा भाग-2) | ज्ञानात्मक | 9 | बहु विकल्पीय | 2 | 1 | 2 |
| बोध | कवि की साहित्यिक विशेषता | समीक्षात्मक | 10 | लघु-उत्तरीय | 1 | 2 | 2 |
| | काव्य सौंदर्य 11 (अंतरा भाग-2) विश्लेषणात्मक | बहु-विकल्पीय | | | 3 | 1 | 3 |
| गद्य | सप्रसंग गद्यांश व्याख्या | व्याख्यात्मक | 12 | लघु-उत्तरीय | 1 | 3 | 3 |
| साहित्यिक | गद्यांश भाग अभ्यास प्रश्न (अंतरा भाग-2) | ज्ञानात्मक | 13 | लघु-उत्तरीय | 2 | 2 | 4 |
| बोध | लेखक परिचय (अंतरा भाग-2) | ज्ञानात्मक | 14 | अति लघुत्तरीय | 3 | 1 | 3 |
| | लेखक की साहित्यिक समीक्षात्मक विशेषता (अंतरा भाग-2) | | 15 | लघु-उत्तरीय | 1 | 2 | 2 |
| स्वतंत्र भाषिक अभिव्यक्ति अभ्यास-प्रश्न | अनुपूरक पुस्तक (अंतराल भाग-2) | स्वतंत्र चिंतन | 16 | निबंधात्मक | 1 | 3 | 3 |
| कुल अंक | 50 | | | | | | |



Downloaded from cclchapter.com

| प्रश्न वर्गीकरण | अंक | प्रश्न प्रकार | अंक |
|---|---|---|---|
| ज्ञानात्मक | 19 | बहुविकल्पीय | 17 |
| बोधात्मक | 9 | अति-लघु उत्तरीय | 3 |
| रचनात्मक | 6 | लघु-उत्तरीय | 18 |
| व्याख्यात्मक | 6 | निबंधात्मक | 12 |
| समीक्षात्मक | 4 | | |
| विश्लेषणात्मक | 3 | | |
| स्वतंत्र चिंतत | 3 | | |
| कुल अंक | 50 | | 50 |



Downloaded from cclchapter.com